# दुकान आवंटन सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशिष्ट आलू मण्डी, ठठिया (कन्नौज) में नवनिर्मित 'अ' श्रेणी की रिक्त दुकानों का आवंटन "आवंटन विनियमावली–2016" (अद्यतन संशोधन) के अनुसार खुली नीलामी पद्धति से किया जायेगा। रिक्त दुकानो का आरक्षण व अन्य विवरण निम्नवत् है:–

**सारिणी**

| विशिष्ट आलू मण्डी स्थल, ठठिया में 'अ' श्रेणी की नवनिर्मित 60 नग दुकानो के आवंटन हेतु विवरण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुकान की श्रेणी | रिक्त दुकानों की संख्या | आरक्षण की स्थिति | | | | दुकान का क्षेत्रफल | उप निदेशक(निर्माण) के पत्रांक–773 दिनांक 08.09.2022 के द्वारा निर्धारित दुकानो की निर्माण लागत (रू.में) | निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम का 10 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क (रू).में |
| | | अनारक्षित | अ0पि0वर्ग | अनु0जाति वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | |
| अ–श्रेणी | 01 से 60 तक कुल 60नग | 02, 04, 06, 08, 12, 14, 16, 18, 22, 24, 26, 28, 32, 34, 36, 38, 42, 44, 46, 48, 52, 54, 56, 58 | 03, 07, 09, 13, 17, 19, 23, 27, 29, 33, 37, 39, 43, 51, 55, 57, | 01, 05, 11, 15, 21, 25, 31, 35, 41, 45, 47, 49, 53, 59 | 10, 20, 30, 40, 50, 60 | भूतल 18वर्गमी. एवं प्रथमतल 18 वर्गमी. सहित कुल 36 वर्गमी. | 12,91,000.00 | 129100.00 |

उक्त दुकानो के आवंटन में प्रतिभाग करने हेतु रू.250.00+18% जी0एस0टी0 सहित कुल रू.295.00 का नकद अथवा ऑनलाईन भुगतान करके कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज से आवेदन–पत्र प्राप्त कर, दुकान आवंटन की निर्धारित शर्तो के अधीन पूर्ण सूचना/औपचारिकताओं सहित आवेदन–पत्र एवं पंजीकरण धनराशि का बैंकर्स चेक/ड्राफ्ट जो "कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज" के पक्ष में देय हो, के साथ दिनांक–05.11.2022 से दिनांक–11.11.2022 तक कार्यालय में जमा/स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन–पत्रों की जांचोपरान्त नीलामी में भाग लेने हेतु उपयुक्त पाये गये आवेदकों की अन्तिम पात्रता सूची दिनांक–14.11.2022 को कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं मण्डी परिषद की वेबसाइट पर प्रकाशित/अपलोड की जायेगी। नियमानुसार दुकानो की खुली नीलामी दिनांक–**15.11.2022 दोपहर 12:00 बजे** से विशिष्ट आलू मण्डी, ठठिया (कन्नौज) में उपस्थित आवेदको/प्रतिनिधियों के मध्य की जायेगी। **जिन आवेदको द्वारा पूर्व मे आवेदन किया गया है वह मान्य होगें।** उक्त के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्ते कार्यालय में/नोटिस बोर्ड पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

**(अनिल कुमार)**
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
कन्नौज

**(पवन कुमार मीना)**
उपजिलाधिकारी 'सदर'/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
कन्नौज

## कार्यालय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कन्नौज

पत्रांक–कृ0उ0म0स0/2022–23/–264 दिनांक 04/11/2022

**प्रतिलिपि 1–** सम्पादक दैनिक समाचार पत्र "दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान" कन्नौज को इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त सूचना को आगामी संस्करण में फॉन्ट साइज 8 एवं न्यूनतम स्थान में शासकीय दर पर प्रकाशित कराने के साथ ही भुगतान हेतु बिल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**2–** सिस्टम एनालिस्ट, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त दुकान आंवटन सूचना को मण्डी परिषद की वेब–साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

**3–** कार्यालय जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी 'सदर' एवं तिर्वा, तहसीलदार 'सदर' एवं तिर्वा, नवीन मण्डी स्थल, सरायमीरा एवं उपमण्डी स्थल, तिर्वा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**4–** सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**सचिव**
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
कन्नौज

Scanned with CamScanner